भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 421

24 जुलाई, 2023 को उत्तर के लिए

कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत)

421. श्री बी. पार्थसारधी रेडडी:

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन (अमृत) योजना के अंतर्गत जलापूर्ति, मलजल और सेप्टिक प्रबंधन जैसे बुनियादी ढांचे का विकास निर्धारित लक्ष्य से कम रहा है;

(ख) यदि हां, तो इस मिशन की दक्षता बढ़ाने और इसके प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे हैं; और

(ग) वर्ष 2018 से अमृत योजना के अंतर्गत तेलंगाना राज्य को वर्ष-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है और इस योजना के अंतर्गत इस राज्य को प्रदान की गई सुविधाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री कौशल किशोर)

(क): यह कहना गलत है कि अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत विकास लक्ष्य से कम हुआ है, क्योंकि अब तक, जल आपूर्ति और सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाओं के माध्यम से लक्षित 139 लाख जल कनेक्शन और 145 लाख सीवर कनेक्शन की तुलना में अमृत और अभिसरण के माध्यम से क्रमशः 172 लाख जल नल कनेक्शन और 135 लाख सीवर कनेक्शन (फैकल स्लज और सेप्टेज प्रबंधन-एफएसएसएम के माध्यम से शामिल किए गए आवासों सहित) प्रदान किए गए हैं।

(ख): परियोजनाओं की प्रगति पर नज़र रखने के लिए अमृत एक समर्पित पोर्टल है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) को नियमित आधार पर पोर्टल पर आकड़ों का अद्यतन करना आवश्यक होता है। मिशन निदेशालय मुद्दों को हल करने और परियोजनाओं को समय से पूरा करने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए समय-समय पर राज्य और उसके शहरों को हैंड होल्डिंग सहायता प्रदान करता है। मिशन के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए,

मंत्रालय द्वारा नियमित वीडियो कॉन्फ्रेंस, वेबिनार, कार्यशालाओं आदि के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और उनके शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबीएस) के साथ समय-समय पर प्रगति की समीक्षा और निगरानी की जाती है। इसके अलावा, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में किए गए कार्यों के मूल्यांकन और निगरानी के लिए मिशन में समर्पित स्वतंत्र समीक्षा और निगरानी एजेंसियों (आईआरएमए) की स्थापना की गई है।

(ग): मिशन की शुरुआत में सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को धनराशि आवंटित की जाती है, न कि वर्ष-वार। तेलंगाना राज्य के लिए अमृत मिशन के तहत 832.60 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता (सीए) आवंटित की गई है। इसके अलावा, तेलंगाना राज्य में, 1,663 करोड़ रुपये की 66 परियोजनाएं शुरू की गई हैं, जिनमें 1,543 करोड़ रुपये की 60 पूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। पूर्ण परियोजनाओं में 1,310 करोड़ रुपये की 26 जल आपूर्ति परियोजनाएं, 203 करोड़ रुपये की 4 सीवरेज और सेप्टेज प्रबंधन परियोजनाएं और 30 करोड़ रुपये की 30 हरित स्थल और पार्क परियोजनाएं शामिल हैं। 114 करोड़ रुपये की एक जल आपूर्ति परियोजना और 6 करोड़ रुपये की 5 हरित स्थल और पार्क परियोजनाएं प्रगति पर हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्राप्त परिणाम इस प्रकार हैं:

- अमृत और अभिसरण के तहत 5.53 लाख जल नल कनेक्शन प्रदान किए गए।
- अमृत और अभिसरण के तहत 88,000 सीवर कनेक्शन घरेलू सेप्टेज कवरेज प्रदान किए गए।
- 18.25 मिलियन लीटर प्रति दिन (एमएलडी) सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) क्षमता विकसित की गई।
- 84.52 एकड़ हरित स्थल विकसित किया गया।

******